epaper
हिन्दुस्तान

# आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ा

01/03/2022

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जनवरी, 2022 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले समान अवधि में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही थी।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोयला, प्राकृतिक गैस और सीमेंट क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से बुनियादी उद्योगों का उत्पादन बेहतर रहा है। हालांकि, जनवरी में कच्चे तेल और उर्वरक उत्पादन में गिरावट आई। दिसंबर, 2021 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.1 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों-कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 8.6 प्रतिशत घटा था। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में कोयला उत्पादन 8.2 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस 11.7 प्रतिशत, रिफाइनरी उत्पाद 3.7 प्रतिशत और सीमेंट 13.6 प्रतिशत बढ़ा।

रिपोर्ट

**खाने-पीने के सामान ने बढ़ाई महंगाई**

मुख्य रूप से कुछ खाने का सामान महंगा होने से महंगाई दर बढ़ी है। मंत्रालय के अनुसार, आलोच्य महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 6.22 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व दिसंबर महीने में 5.93 प्रतिशत थी। एक साल पहले जनवरी, 2021 में यह 2.38 प्रतिशत थी। खाद्य-पेय पदार्थ समूह 0.82 प्रतिशत का बदलाव रहा है।